# कार्यालय जिलाधिकारी, कासगंज

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद कासगंज में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" (DWSM) समिति की दिनॉक 22–12–2022 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त**

प्रमुख सचिव, उ0 प्र0 शासन नमामि गंगे जलापूर्ति अनुभाग–1 के शा0सं0 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी.सी.–अ लखनऊ दिनॉक 21 जनवरी 2020 के द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता मिशन जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुरूप जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के संगठनात्क स्वरूप को और सुदृढ बनाने तथा ग्रामीण पेयजल कार्यक्रमों के प्रभावी कियान्वयन तथा मूल्यांकन तथा उनके अनुश्रवण हेतु शासनादेश सं0 2211/38–05–2010–20 स्वजल/2010 (टी.सी.–अ) दिनॉक 29 नवम्बर 2010 को संशोधित करते हुये जनपद स्तर पर गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की बैठक दिनॉक 22–12–2022 को आयोजित की गई। जिसमे निम्नलिखित सदस्यो द्वारा प्रतिभाग किया गया :–

1. जिलाधिकारी, कासगंज – अध्यक्ष
2. मुख्य विकास अधिकारी, कासगंज – उपाध्यक्ष
3. जिला विकास अधिकारी, कासगंज – सदस्य
4. प्रभागीय वनाधिकारी स्वंय अथवा उनके द्वारा नामित सदस्य – सदस्य
5. परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, कासगंज – सदस्य
6. जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कासगंज – सदस्य
7. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कासगंज – सदस्य
8. अधिशासी अभियन्ता, वॉटर रिसोर्स/सिचाई – सदस्य
9. जिला कृषि अधिकारी, कासगंज – सदस्य
10. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, कासगंज – सदस्य
11. श्री राधा कृष्ण दीक्षित, कासगंज – नामित सदस्य
12. अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0 उ0प्र0 जल निगम कासगंज – सदस्य सचिव

अधिशासी अभियन्ता एवं सदस्य (सचिव), नि0ख0 उ0प्र0 जल निगम, कासगंज द्वारा अवगत कराया गया है, कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) द्वारा जनपद कासगंज में ग्रामीण पेयजल आपूर्ति के लिये नई योजनाओं के कियान्वयन हेतु मै0 पी.एन.सी. इन्फ्राटेक प्रा0लि0 आगरा एवं रेट्रोफिटिंग योजनाओं के कियान्वयन हेतु मै0 आयॅन एक्सचेन्ज, अलीगढ को चयनित किया गया है। जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने की दृष्टि से "जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति" द्वारा मै0 पी.एन.सी. प्रा0लि0 आगरा की फर्म को 391 ग्राम पंचायतो की सूची एवं मै0 आयॅन एक्सचेन्ज, अलीगढ की फर्म को 09 नग ग्राम पंचायतों की सूची उपलब्ध कराई गई। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत फर्म मै0 पी.एन.सी. द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (SWSM) तथा जल निगम मुख्यालय द्वारा समय–समय पर निर्गत किये गये निर्देशों के अनुपालन में कुल 17 नग पे0यो0 की डी.पी.आर बैठक में प्रस्तुत की गई।

मै0 पी.एन.सी. द्वारा प्रस्तुत की गई 17 नग नई योजनाओं की डी.पी.आर. की लागत रू. 7000.00 प्रति व्यक्ति से कम पाई गई। जो कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत दिनॉक 11–08–2022 को सम्पन्न राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति की सत्तरहवीं बैठक के कार्यवृत्त मे दिये गये निर्देशो के अनुसार स्वीकृत योग्य है।

**डी.पी.आर. विरचन हेतु गाइड लाइन के मुख्य बिन्दु निम्नानुसार है :–**

1. Population Projection हेतु आधार वर्ष 2022, मध्य वर्ष 2037 और डिजाइन वर्ष 2052 रखा जाये। विभिन्न Mathmatical एवं Graphical माडल्स के आधार पर सर्वोच्तम एवं उचित जनसंख्या का चयन किया जाये।
2. नलकूप और पम्पिंग प्लान्ट के डिजाइन मध्य वर्ष (15 वर्ष) की वाटर डिमान्ड पर किया जाये।
3. अवर जलाशय की क्षमता की गणना मध्य वर्ष (15 वर्ष) पर Draw off पैटर्न पर की जाये।
4. सामान्यतः सोलर आधारित योजनाऐं निम्रित की जाये, जिस हेतु पम्पिंग Hours 6.5 लिया जाये।
5. वितरण प्रणाली में न्यूनतम पाइप का व्यास 63 एम.एम. रखा जाये एवं 200 एम.एम. व्यास तक एच.डी.पी.ई. पाइप एवं 200 एम.एम. व्यास से अधिक हेतु डी.आई. पाइप का प्रयोग किया जाये।
6. वितरण प्रणाली के डिजाइन हेतु न्यूनतम टर्मिनल प्रेशर 7.0 मी0 रखा जाये।
7. वाटर डिमान्ड की गणना हेतु 55 LPCD + 15% unaccounted water को लिया जाये।
8. ग्राम के प्रत्येक घर को गृह पेयजल संयोजन दिया जाना है, एवं प्रत्येक सार्वजनिक स्थल पर एक स्टैण्ड पोस्ट का प्राविधान किया जाये।
9. एक फायर हाइड्रेन्ट वाटर वर्क्स पर एवं एक फायर हाइड्रेन्ट प्रत्येक राजस्व ग्राम में दिया जाये।
10. वाटर वर्क्स हेतु वाउन्ड्री वॉल की ऊँचाई 1.20 मी0 रखी जाये एवं 3.6 मी0 चौडाई का मैन गेट एवं 1.20 मी0 चौडाई का विकेट गेट रखा जाये।

फर्म द्वारा प्रस्तुत डी.पी.आर. में ली गई कार्यो की दरें SWSM तथा जल निगम द्वारा निर्गत दरों के आधार पर ली गई है। समस्त प्रस्तुत डी.पी.आर. की SWSM तथा जल निगम द्वारा निर्गत की गई तकनीकी गाइडलाइन के अनुरूप सघनता से जॉच की गई। जॉच में पाई गई कमियों का निराकरण करते हुये, समस्त डी.पी.आर. जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति को प्रस्तुत की गई। जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :–

| Sl No. | District | Block | Name of Scheme | Total No. of GP | Total no. of Rev. village | Total no. of Hab. | FHTC | Population detail | | Estimated cost (Rs. In lac) (Centage + GST) | OHT (no.) | OHT capacity (kl) | D.S. (km.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | Base Year 2022 | Design year 2052 | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | Kasganj | Patiyali | Rahta Yusuf Nagar | 1 | 1 | 1 | 209 | 1345 | 1925 | 160.51 | 1 | 75 | 3.423 |
| 2 | Kasganj | Sahawar | Shekhpur Narai | 1 | 1 | 1 | 286 | 1716 | 2705 | 200.81 | 1 | 50 | 6.353 |
| 3 | Kasganj | Sidhpura | Damari | 1 | 1 | 1 | 228 | 1660 | 2650 | 178.87 | 1 | 125 | 5.253 |
| 4 | Kasganj | Sahawar | Egvan | 1 | 1 | 1 | 200 | 1338 | 2135 | 159.47 | 1 | 125 | 6.353 |
| 5 | Kasganj | Soron | Fatehpur Kalan | 1 | 1 | 12 | 1066 | 6936 | 10050 | 577.99 | 1 | 425 | 24.419 |
| 6 | Kasganj | Amanpur | Semra Morcha | 1 | 2 | 2 | 332 | 2102 | 3330 | 210.42 | 1 | 150 | 7.921 |
| 7 | Kasganj | Sidhpura | Deheli Bujurg | 1 | 1 | 1 | 440 | 2578 | 4093 | 229.96 | 1 | 175 | 7.109 |
| 8 | Kasganj | Sidhpura | Dundhara | 1 | 2 | 2 | 699 | 4051 | 5795 | 318.85 | 1 | 250 | 10.295 |
| 9 | Kasganj | Sidhpura | Dhuviyae | 1 | 1 | 6 | 738 | 4654 | 7232 | 351.59 | 1 | 300 | 11.992 |
| 10 | Kasganj | Soron | Shyam Sar | 1 | 1 | 4 | 761 | 5160 | 7732 | 357.26 | 1 | 325 | 10.580 |
| 11 | Kasganj | Soron | Agoli Kiramai | 1 | 2 | 5 | 435 | 2871 | 4098 | 247.57 | 1 | 175 | 8.425 |
| 12 | Kasganj | Soron | Shah Pur Mafi | 1 | 2 | 2 | 563 | 3498 | 5559 | 239.86 | 1 | 225 | 3.622 |
| 13 | Kasganj | Sidhpura | Dhansinhg Pur | 1 | 1 | 2 | 443 | 3022 | 4786 | 250.42 | 1 | 200 | 6.364 |
| 14 | Kasganj | Sidhpura | Karampur | 1 | 1 | 5 | 270 | 1800 | 2866 | 196.95 | 1 | 125 | 5.142 |
| 15 | Kasganj | Patiyali | Barai pur | 1 | 2 | 3 | 301 | 2159 | 3433 | 237.77 | 1 | 150 | 7.778 |
| 16 | Kasganj | Kasganj | Jhawar | 1 | 2 | 5 | 410 | 2516 | 3926 | 292.26 | 1 | 175 | 16.36 |
| 17 | Kasganj | Patiyali | Medpur | 1 | 1 | 1 | 151 | 1279 | 1925 | 120.70 | 1 | 50 | 4.348 |
| | | TOTAL | | 17 | 23 | 55 | 7532 | 48685 | 74240 | 4331.26 | 17 | 3100 | 145.737 |

अतः प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन लखनऊ के आदेश सं0 1197 / छियत्तर–1–2021–25 सम / 2019 दिनॉक 21 मई 2021 के अनुपालन में कार्यदायी संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गये प्राक्कलनों को नियमानुसार रू. 5.00 करोड से अधिक लागत की 01 नग योजना को जिला स्तर पर गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति के द्वारा संस्तुति कर तथा अवशेष 16 नग योजनाओं जिनकी लागत रू. 5.00 करोड से कम है, को "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति में वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान कर अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया जाना है।

अधिशासी अभियन्ता
नि0ख0 उ0प्र0 जल निगम
कासगंज
(सदस्य सचिव)

श्री राधा कृष्ण दीक्षित
कासगंज
(नामित सदस्य)

जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी
कासगंज
(सदस्य)

22.12.2022
जिला कृषि अधिकारी
कासगंज
(सदस्य)

22/12/2022
अधिशासी अभियन्ता
वाटर रिर्सोस / सिचाई
कासगंज
(सदस्य)

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
कासगंज
(सदस्य)

जिला मुख्य चिकित्साधिकारी
कासगंज
(सदस्य)

प्रभागीय वनाधिकारी,
कासगंज
(सदस्य)

परियोजना निदेशक,
जिला ग्राम्य विकास अभिकरण
कासगंज (सदस्य)

जिला विकास अधिकारी
कासगंज
(सदस्य)

22/12/2022
मुख्य विकास अधिकारी
कासगंज
(उपाध्यक्ष)

22/12/22
जिलाधिकारी
(अध्यक्ष)
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति"
कासगंज